तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024

10 विभिन्न मांगों को लेकर अजाक्स ने सौंपा ज्ञापन



10 मॉडल स्कूल में मनाई गई गांधी ...





# मिलावट, ओवररेट और कम बिक्री के मामले में नप गए डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शराब दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचने के साथ मिलावटी शराब जैसी गंभीर शिकायतों के बाद भी कार्रवाई के लिए संजीदा नही होने के चलते जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जयसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि स्थानीय स्तर पर की जा रही शिकायतों के बाद भी संबंधित अफसर कोई कार्रवाई नही कर रहे थे। ऐसा माना जा रहा था कि प्लेसमेंट एजेंसी और अफसरों की सांठगांठ से इस पूरे खेल को अंजाम दिया जा रहा था।

ऐसे में राज्य स्तरीय दल ने जिले के 8 शराब दुकानों में छापामार कार्रवाई की जिसके बाद जिला आबकारी अधिकारी को दोषी पाए जाते हुए निलंबन की अनुशंसा की गई। दरअसल, 1 अक्टूबर को राज्य स्तरीय विभागीय अफसरों की टीम ने जिले के शराब दुकानों में छापामार कार्रवाई की। जिसमें लगभग सभी शराब दुकानों में साफ-सफाई में कमी, अनुशासन हीनता, मिलावट की शराब बिक्री, कुछ दुकानों में ओवर रेट में शराब बेचे जाने की शिकायत को सही पाया गया। वहीं पिछले साल की तुलना में इस साल जिले में कम बिक्री के दर में कमी आई है। इसके चलते जिला आबकारी अधिकारी जायसवाल को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने और जिले के शराब दुकानों में नियंत्रण ना रखने को लेकर निलंबित कर दिया गया।

## लगातार मिल रही थी शिकायत, प्लेसमेंट कर्मियों से कथित मिलीभगत कर बिकवाते रहे ओवररेट में शराब

### अधिक रेट की मिली शिकायत

राज्य स्तरीय टीम द्वारा बागबाहरा, झलप, तुमगांव और पिथौरा के 08 मदिरा दुकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें झलप के अंग्रेजी शराब दुकान और तुमगांव के कम्पोजिट बिल्डिंग में निधारित रेट से अधिक मूल्य में शराब बेचने की शिकायत मिली। जिस पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा। साथ ही किसी भी दुकानों में वर्दी और आईडी के साथ सेल्समैन नहीं पाए गए। इसी तरह आहाता निरीक्षण भी किया गया और यहां साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

### छापा मारकर सुपरवाइजर पर कार्रवाई

तुमगांव स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान में ओवर रेट की शिकायत पर छापेमार कार्रवाई करते हुए रायपुर उड़नदस्ता की टीम ने सुपरवाइजर को अधिक रेट पर बेचते रंगे हाथों पकड़ा था। डिप्टी कमिश्नर पीएल साहू, आबकारी इंस्पेक्टर आरके देवांगन ने अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर भोजराम पटेल को 220 रुपए की बियर को 250 रुपए में बेचते पकड़ा और कमिश्नर ने शिकायत को सही पाया और सुपरवाइजर के खिलाफ पंचनामा और बयान दर्ज कर कार्रवाई की। यहां पहुंचे अफसरों को प्रिंटर खराब मिला। जिसके कारण पिछले 6 महीने से उपभोक्ता को बिल नहीं दिया जा रहा था। बता दें घोड़ारी (नदीमोड़) में कुछ दिन पहले भी देशी शराब दुकान में पानी मिलावट करते पकड़ा गया।

### यह है आदेश में

छग शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी)विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र सिंह भारद्वाज द्वारा 3 अक्टूबर को जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि मोहित कुमार जायसवाल जिला आबकारी अधिकारी का अपने प्रभार जिले में नियंत्रण शिथिल होना स्पष्ट परिलक्षित है, जो श्री जयसवाल की शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है तथा सिविल सेवा (आचरण)नियम 1965 के नियम 3 के सर्वथा प्रतिकूल होकर छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत दंडनीय है।

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## अपराधः आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज, रिश्तेदार ही गुनहगार

# जमीन विवाद के कारण बुजुर्ग की हत्या, चाकू से कई जगह वार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम

- कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बिछलादादर की घटना

बिछलादादर में टेका रोड बड़े पुलिया के पास एक व्यक्ति की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शंकर बरिहा निवासी बिछलादादर की उसके ही गांव के युवक लालाराम बरिहा द्वारा चाकू से मारकर हत्या कर दी है। आरोपी मृतक का रिश्तेदार बताया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम बिछलादादर बडे पुलिया के पास टेका रोड में शंकर बरिहा चित अवस्था में पुलिया के किनारे साईड वॉल से लगा हुआ पड़ा था। मौके पर शंकर बरिहा का पुत्र राजकुमार बरिहा भी उपस्थित था। जिसने बताया कि जमीन की बात को लेकर उसके रिश्ते के मामा लालाराम बरिहा द्वारा पिता शंकर बरिहा को चाकू से शरीर पर कई जगह वार कर हत्या कर दिया है, तथा बीच बचाव करने वाले समारू बरिहा को भी जान से मारने का प्रयास किया है। मामले में आरोपी लालाराम बरिहा के खिलाफ धारा 103(1), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

पूछताछ के दौरान प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 2 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे पिता शंकर बरिहा पुलिया के किनारे जमीन पर पड़े होने की सूचना मिली। उसके गले में, पीठ में, सीने व शरीर के अन्य हिस्सों से खून निकल रहा था, बातचीत नहीं कर रहा थे सांस नहीं चल रही थी उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं पर लालाराम बरिहा अपने हाथ में एक लोहे का चाकू पकड़ कर बैठा था और मुझसे कहा कि तेरा बाप बहुत सियान बनता था, हमारी जमीन हमको नहीं दिया है और हम लोगों को बाहर वाले हो कहता है। आज उसे चाकू से मारकर उसका किस्सा खत्म कर दिया हू, तुम्हारा जीजा समारू बीच में आ रहा था तो उसे भी मारा हू वह जान बचा कर भाग गया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

मामले को लेकर मृतक के बेटे व प्रार्थी राजकुमार बरिहा पिता शंकर लाल बरिहा (28 साल) निवासी बिछलादादर ने बताया कि मृतक शंकर बरिहा मेरे पिता हैं। गांव के ही रिश्ते के मामा लाला राम बरिहा व उनके परिवार से हम लोगों का जमीन बंटवारा को लेकर विवाद है।

लाला राम बरिहा की दादी लछंतीन जो मेरे पिता की रिश्ते में बहन लगती हैं के 3 पति थे, जो पहला पति बोकरामुडा का था, जिसके घर से लछंतीन वापस आकर घोंच में अपने पति के साथ रहती थी, जो घोंच वाले पति से लाला राम के पिता जल सिंह बरिहा हैं, जिनके पिता की मृत्यु के बाद लछंतीन को चोरभट्टी में चूडी पहना कर लाये थे, जल सिंह भी साथ रहता था जो कुछ दिन बाद हमारे गांव बिछलादादर में अपने परिवार के साथ आ गई थी।

जिसे मेरे पिता ने एक एकड़ जमीन कमाने खाने के लिए दिया था, लेकिन लालाराम इस बात से खुश नहीं था और ज्यादा जमीन चाहता था, जिस कारण उनके परिवार से कम बोलचाल था। मेरे पिता शंकर बरिहा हमारे परिवार में सबसे बुजुर्ग थे, उनके कहे अनुसार ही परिवार चलता है। कम जमीन मिलने की बात को लेकर लाला राम बरिहा मृतक शंकर बरिहा से रंजिश रखता है।

# पंचायत भवन में शराब पी रहा था सचिव, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

सरकारी भवन में गांधी जयंती के दिन पंचायत सचिव शराब सेवन करते मिला। मामला है जिले के बागबाहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत उखरा का। जहां के सचिव धूपराम पांडे का पंचायत भवन के भीतर ड्यूटी के दौरान शराब पीते हुए वीडियो वायरल हो गया। खास बात यह है कि संबंधित द्वारा इस वीडियो को पूर्व का बताया गया लेकिन, यह विडियो पंचायत भवन के भीतर का ही है यह स्पष्ट नजर आ रहा है।

बता दें कि इस वीडियो पंचायत सचिव धूपराम पांडे शराब पीते वीडियो में नजर आ रहे हैं। इसे दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन का वीडियो बताया जा रहा है। लेकिन,



मिली जानकारी के अनुसार गांधी जयंती के दिन सचिव ने पीली शर्ट पहनी थी जबकि इस विडियो में पंचायत भवन के भीतर शराब पी रहा युवक नीली शर्ट में नजर आ रहा है।

शासन प्रशासन के निर्देशानुसार गांधी जयंती पर शुष्क दिवस होता है। पंचायत सचिव का शराब पीते वीडियो वायरल होने के बाद उखरा पंचायत के ग्राम सभा में इसे लेकर हंगामा हो गया। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने ऐसे कृत्य व नशे में रहने वाले सचिव को बर्खास्त करने की मांग की है।

### रंजिश के चलते की जा रही बदनामी : सचिव

पंचायत सचिव धूपराम पांडे का कहना है कि गांव के कुछ लोग रंजिश के चलते दो सप्ताह पुराने वीडियो को वायरल कर बदनाम कर रहे हैं। वहीं पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर ठाकुर ने भी वीडियो को पुराना बताया है।

### शुष्क दिवस के दिन अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई



**महासमुंद**। गांधी जयंती पर शुष्क दिवस होने के बावजूद चोरी छिपे शराब बेचे जाने के मामले में पुलिस ने 10 प्रकरणों में कुल 70 लीटर महुआ, देशी, अंग्रेजी शराब कीमत 14830 रुपए जब्त कर 11 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सांकरा में हरिलाल राणा के कब्जे से अवैध महुआ शराब कुल 3000 एमएल कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया और आल्हा सिदार के कब्जे से अवैध महुआ शराब कुल 3600 एमएल कीमत 1000 रुपए को जब्त किया गया। इसी प्रकार थाना पिथौरा प्रकरण में नंद लाल पटेल के कब्जे से अवैध महुआ शराब कुल 4000 एमएल कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया। थाना खल्लारी में परमेश्वर सिन्हा के कब्जे से महुआ शराब कुल 3000 एमएल कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। थाना बसना प्रकरण में रवि अहुजा के कब्जे से अवैध देशी शराब कुल 4140 एमएल कीमत 2070 रुपए को जब्त किया गया। इसी तरह अमित दलाल के कब्जे से महुआ शराब कुल 3000 एमएल कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। सदानंद केवट के कब्जे से अवैध देशी शराब कुल 6000 एमएल कीमत 1200 रुपए को जब्त किया गया। लक्ष्मण सिदार के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को जब तक किया गया। थाना बागबाहरा में निशा खान और जीवराखन गांडा के कब्जे से गोवा अंग्रेजी शराब कुल 27000 एमएल कीमत 1950 रुपए एवं देशी प्लेन शराब 8820 एमएल कीमत 4410 को जब्त किया गया। थाना महासमुंद में भानु कोठारी के कब्जे से देशी प्लेन कुल 13680 एमएल कीमत 6840 रुपए को जब्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### रास्ते में शराब के नशे में पड़े व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद**। जिला मुख्यालय के स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड अकाल पुरख अस्पताल सामने आम रोड में शराब पीकर मदहोश स्थिति में पडे शख्स पर कार्रवाई की गई। उसके कारण आम लोगों को असुविधा हो रही थी। पुलिस ने मदन लाल भोई पिता मंगीलाल भोई (62 साल) वार्ड न. 2 इमलीभाठा महासमुंद रेलवे स्टेशन अकाल पुरख अस्पताल के सामने आम रोड में शराब पीकर मदहोश स्थिति में पड़ा था, जिसके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### आर्केस्ट्रा देखने गए शख्स की बाइक चोरी

**महासमुंद**। बसना थाना क्षेत्र के छोटे पटनी में आर्केस्ट्रा देखने गए शख्स की बाइक को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। प्रार्थी सतीश साव ग्राम बंसुला 16 सितंबर को रात करीबन 11 बजे अपनी मोटर सायकल सुपर स्प्लेण्डर क्र सीजी 06 जीएल 6439 कीमत करीबन 20 हजार रुपए से ग्राम छोटे पटनी आर्केस्ट्रा देखने गया था। मोटर सायकल को महालक्ष्मी मंडली के पास रख कर आर्केस्ट्रा देखने गया बाद सुबह करीबन 4 बजे वापस घर जाने के लिए वापस आया तो देखा कि बाइक उक्त जगह पर नहीं थी।। पुलिस ने प्रार्थी के शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



### भारी मात्रा में अवैध प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने साराडीह रोड किनारे नहर पुल, के पास एक व्यक्ति को भारी मात्रा में अवैध देशी प्लेन शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी भानु कोठारी पिता पुनाराम कोठारी (24 साल) साराडीह के पास से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 76 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 6840 रुपए को बरामद कर किया गया। मामले में आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### 1.26 लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद**। बाइक से गांजा तस्करी करने वाले युवक पर सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 26 हजार रुपए का 8.40 किलो गांजा जब्त किया गया है। आरोपी को नारकोटिक्स के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कि एक व्यक्ति एक काला-नीला कलर के प्लेटिना बजाज बिना नंबर की बाइक में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर घेराबंदी किया गया। जब उक्त व्यक्ति को वहां पहुंचा तो उससे पूछताछ की गई। उसने अपना नाम नीरज कोहरी पिता गुड्डू कोहरी (22 साल) वार्ड नंबर 03 लालपुरा थाना सिहोर जिला जबलपुर (मप्र) का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 04 पैकेट खाकी रंग से टेपिंग किया हुआ कुल 8.40 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया।

## जिला स्तरीय जांच टीम ने किया करणी कृपा पावर प्लांट का निरीक्षण

**महासमुंद**। औद्योगिक कारखानों की जांच के लिए गठित जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने करणी कृपा पावर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। समिति के सदस्य श्रम पदाधिकारी डीएल पात्र ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के आदेश के परिपालन में निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग की जांच में प्रथम दृष्टया उल्लंघन नहीं पाया गया। आगे की जांच के लिए दस्तावेज पेश करने निर्देश दिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा ओवर लोडिंग गाड़ियों की जांच की गई। विधिक मापविज्ञान नापतौल विभाग द्वारा जांच के दौरान धर्मकांटा व छोटा इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण अमानक व बिना सील पाया गया तथा परिसर में धर्मकांटे की जांच के लिए नियमानुसार सत्यापित व मुद्रांकित बांट नहीं पाए गए। इसी तरह पर्यावरण विभाग द्वारा जांच के दौरान सीडी बिल्डिंग से फ्यूजिटीव उत्सर्जन पाया गया व हाउसकीपिंग व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई। समिति द्वारा खामियों को लेकर प्रबंधन को जवाब मांगा गया है। जांच टीम में प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शशिकांत सिंह छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल से प्रवीण नाग एवं एसके चौधरी, विधि माप विज्ञान नाप तौल से सिद्धार्थ दुबे, खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू, जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, श्रम पदाधिकारी डीएल पात्र तथा खाना प्रबंधन की ओर से प्रमोद नायर, मनोज वर्मा, निखिल कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। ज्ञात है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय लंगेह द्वारा छग शासन, मंत्रालय, आवास एवं पर्यावरण विभाग, महानदी भवन के निर्देशानुसार जिले में स्थित वृहद उद्योगों, खतरनाक उद्योग, निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में व माइंस में खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों तारपोलिन/उपयुक्त सामग्री की जांच व नियमों के पालन एवं निगरानी के लिए जिला स्तरीय संयुक्त टीम का गठन किया गया है।



## बागबाहरा के गुरुद्वारा में चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद**। बागबाहरा के गुरुद्वारा में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि र्थी लखबीर सिंह छाबड़ा द्वारा थाना बागबाहरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी 30 सितंबर को अज्ञात चोर ने गुरुद्वारा में रखे दान पेटी का ताला तोडकर करीबन 80000 रुपए चोरी किया था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए), 317(5), बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम ने उक्त घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुखबिरों को उक्त फोटो को भेजकर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली उक्त चोरी में एक व्यक्ति का चेहरा मिलता जुलता है। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के निशानदेही पर गोबरा नायापारा जाकर सुरेश कंडरा से पूछताछ किया गया। जिसने बागबाहरा के गुरुद्वारा में चोरी करना स्वीकार किया, तथा चोरी करने के बाद चोरी की रकम को अपने साथी



अमर देवार को देना बताया। आरोपी सुरेश कंडरा की निशानदेही पर उसके साथी अमर देवार से भी पूछताछ की गई। इस चोरी के अलावा आरोपी सुरेश कंडरा द्वारा बागबाहरा थाना क्षेत्र में पूर्व मे किराना दुकान, कपड़ा दुकान तथा पान ठेला में कुल चार चोरी तथा थाना महासमुंद क्षेत्र में एक चोरी तथा दीगर राज्य ओडिशा के खरियाररोड तथा नुआपाडा में तीन स्थानों पर चोरी करना बताया। आरोपी सुरेश कंडरा द्वारा कुल आठ प्रकरणों में चोरी करना स्वीकार किया गया। सुरेश कंडरा से विभिन्न चोरी की घटनाओ में प्रयुक्त एक सब्बल, तीन वायर कटर, एक डीवीआर, तथा नगदी रकम 57,684 रुपए जब्त किया गया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

## सुबह से देवी मंदिरों में दर्शन के लिए लगा रहा भक्तों का तांता

# महामाया में अभिजीत मुहूर्त में हुई घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

मां शक्ति की अराधना का पर्व शारदेय नवरात्र आज से शुरू हो गया। शक्तिपीठों में सुबह से ही दर्शन के किए भक्तों का तांता लगा रहा। आज सुबह अभिजित मुहूर्त में नगर की अधिष्ठात्री देवी मां महामाया सिद्ध शक्तिपीठ में घट स्थापना के बाद विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात मुख्य मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई। वहीं कुम्हार पारा से मां की प्रतिमाओं को पंडालों में ले जाने का सिलसिला जारी रहा।

बता दें कि सनातन धर्म में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शारदीय नवरात्रि में मां शक्ति के 9 स्वरूपों की उपासना करने से साधक को विशेष लाभ प्राप्त होता है। साथ ही जीवन में आ रही सभी समस्या दूर हो जाती है।



नवरात्रि में नौ दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना करने से सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। आज से नवरात्रि शुरू होने साथ ही शक्तिपीठों में सुबह से ही भक्तजन पूजा-अर्चना के लिए मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां रामेश्वरी मंदिर, बिरकोनी चंडी मंदिर, भीमखोज खल्लारी और घुंचापाली चंडी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में पहुँचने लगे हैं। नगर स्थित मां महामाया शक्तिपीठ में आज पुजारी बाबा सुखदेव ने मुख्य ज्योत प्रज्वलित की। इस दौरान भक्तों के जयकारे से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा। मुख्य ज्योत प्रज्वलन के दौरान समिति सदस्य ईश्वर साहू, खोरबाहरा साहू, पुणेन्द्र चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, राजेश, रमेश, मूलचंद जैन, संजय महंती, रोशन शर्मा, कमलेश चंद्राकर, कन्हैया शुक्ला, रमेश निषाद आदि उपस्थित थे। मंदिर पुजारी ने बताया कि घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। भक्तजन लगातार मनोकामना ज्योत के लिए रसीद कटा रहे हैं।

### मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा दादाबाड़ा और आंबेडकर चौक की झांकी

शहर सहित अंचल में आज से नौ दिनों तक नवरात्र पर्व की धूम रहेगी। शहर में सार्वजनिक पंडालों की साज-सज्जा को आज अंतिम रूप दिया जा रहा है। बस स्टेंड दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दादाबाड़ा में 70 फीट का विशाल पंडाल बनाया गया है। पंडाल में मां दुर्गा की 10 फीट की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और प्रतिमा के दोनों ओर भगवान श्री राम और महाकाल की जीवंत झांकी दिखाई देगी। साथ ही झरना बनाया गया है। समिति अध्यक्ष भाऊराम साहू ने बताया कि पंडाल के बाहर भगवान शिव और श्री गणेश की प्रतिमा लगाई जाएगी। वहीं स्वागत द्वार पर भूतनी की झांकी वाली प्रतिमा लगाई जाएगी। इसी तरह अंबेडकर चौक स्थित पंडाल में 12 ज्योतिर्लिंग की झांकी देख सकेंगे यहाँ नटराज की तरह मां दुर्गा की 12 फीट की प्रतिमा स्थापित की जाएंगी।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### रेत का अवैध परिवहन करते हुए 2 हाइवा वाहन जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर रेत के अवैध के उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि खनिज विभाग एवं पुलिस जांच चौकी सिरपुर द्वारा गुरुवार की मध्य रात्रि में औचक जांच के दौरान ग्राम बल्दाकाछर (बलौदाबाजार) से रेत का अवैध परिवहन करते 02 हाइवा वाहन को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को थाना तुमगांव की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है।

### बॉस्केटबाल प्रतियोगिता में भाठापारा की टीम बनी विजेता

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में बॉस्केटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन 01 अक्टूबर को किया गया। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाठापारा सेंचुरी सीमेंट, महाविद्यालय बैकुंठ, शासकीय डीके स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार, शांत्रीबाई महाविद्यालय महासमुंद की खिलाड़ियों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाठापारा एवं सेंचुरी सीमेंट के मध्य खेला गया। जिसमें भाठापारा विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद एवं शासकीय डीके स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद कालेज की टीम विजेता बनी। फाइनल मैच शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाठापारा एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के मध्य खेला। जिसमें भाठापारा की टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता में पूर्णेंद्र वर्मा, जितेंद्र यादव, आनंद कुमार मिंज, बी राय, अभिषेक, कपिल पेंदरिया, मुकेश पेंदरिया, लालू आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार लहरे ने दी है।



### सम्मानित हुईं मोरधा स्कूल की प्रधान पाठक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के तत्वावधान में तीज मिलन एवं सृजक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक राजू सिन्हा के हाथों शासकीय प्राथमिक शाला मोरधा संकुल शेर के प्रधान पाठक पुष्पा साहू सृजक सम्मान से सम्मानित हुईं। उक्ताशय की जानकारी सती साहू ने दी है।

### नवागांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान

**महासमुंद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में शाला के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली का संचालन शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा किया गया। शिक्षक अमर साहू द्वारा स्वच्छता की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों द्वारा रैली के तहत स्वच्छता के नारे लगाते हुए ग्राम का भ्रमण किया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित भी किया। रैली में ग्राम सरपंच गंगाराम दीवान, शाला विकास समिति अध्यक्ष पूरन लाल निषाद, उपाध्यक्ष रूपेंद्र निर्मलकर, महेश सिन्हा, अमृत दीवान, दया बाई दीवान, गोमती दीवान, कुमारी बाई ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**मांग:** पदोन्नति में आरक्षण व विभिन्न संवैधानिक मांग शामिल

# विभिन्न मांगों को लेकर अजाक्स ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) पदाधिकारी अमृत जगत के नेतृत्व में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम एसडीएम को स्मरण ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व पूरे छत्तीसगढ़ में प्रान्त, जिला व ब्लाक स्तर पर 17 सितंबर को पदोन्नति में आरक्षण व विभिन्न संवैधानिक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। किंतु, आज तक शासन कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से संगठन ने पुनः स्मरण ज्ञापन राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को सौंपकर ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें अजाक्स की ओर से छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा आदेशित पदोन्नति में आरक्षण जब तक संवर्ग वार क्वांटिफाइबल डाटा उपलब्ध नहीं हो जाता तब तक राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संवर्ग को पदोन्नति में आरक्षण दिया जाए। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश में स्पष्ट किया है, भर्ती एवं पदोन्नति में आरक्षण पर रोक नहीं लगाया है, जिसे राज्य शासन ने रोक दिया है जो कि सर्वोच्च न्यायालय का अवमानना है। राज्य शासन संशोधित आदेश जारी करें।

इसी प्रकार अनुसूचित जाति वर्ग में सूत सारथी व सारथी समाज 2 प्रतिशत है तथा महरा व महारा समाज 2 प्रतिशत है अर्थात 4 प्रतिशत बढ़ गया। जबकि 2011 की जनगणना के आधार 13 प्रतिशत निर्धारित की गई है। जिसमें उक्त 4 प्रतिशत जोड़ने पर अजा वर्ग की कुल 17 प्रतिशत हो चुका है। अतः अजा का आरक्षण 17 प्रतिशत किया जाए। महाविद्यालयों में अतिथि प्राध्यापक भर्ती पर आरक्षण के आधार पर चयन किया जाए, स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भी विधि सम्मत आरक्षण का पालन कर अतिथि शिक्षकों में अजा व अजजा वर्ग के उम्मीदवार का चयन किया जाए। अजा व अजजा संवर्ग का विशेष बैकलाग भर्ती लंबित है, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए, संविदा भर्ती बंद कर नियमित नियुक्तियां की जाए, अजा व अजजा अधिकारी कर्मचारी पर अनावश्यक शिकायत पर निलंबन व विभागीय जांच प्रारंभ की जाती है जब तक प्रामाणिक साक्ष्य न मिल जाय तब तक अधिकारी कर्मचारी को अनावश्यक परेशान न किया जाए। आरक्षण अधिकार पदयात्रा में जिला अजाक्स एवं अजा व अजजा के सामाजजन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत स्कूली बच्चों के लिए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगरीय प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका बागबाहरा द्वारा 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनजागरुकता के तहत स्कूली बच्चों में विविध आयोजन किया गया। नगर के सांस्कृतिक भवन में इस सेवा अभियान के समापन में सर्व प्रथम महात्मा गांधी के तेल्य चित्र पर माल्यार्पित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डीएल बर्मन ने कहा कि स्वच्छता अभियान में लगातार सक्रिय रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज समापन हो रहा है, लेकिन हमें इस अभियान को अपने स्तर पर चलाने की आवश्यकता है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता की पहल हमारे जीवन के लिए अमूल्य है। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता व साफ-सफाई की दिशा में सजग रहकर सहभागी बनने की अपील की।

रूपेश तिवारी स्वच्छता एंबेसेडर ने कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक दिनचर्या में शामिल होना चाहिए। हम अपने अपने घरों, मुहल्लों को साफ रखें, ये सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी अपनी पढ़ाई के साथ स्वच्छता से जुड़ रहे हैं, यह बहुत ही अच्छा संदेश समाज को जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर निकाय, स्कूली बच्चों और कर्मियों को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शशिप्रताप सिंह ठाकुर उप अभियंता, श्यामलाल पटेल, गोरख डहरवाल सहित बड़ी संख्या में नपाकर्मी, स्वच्छता दीदी, स्कूली बच्चे शामिल रहे।



### प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में सेहत जांच

**बोइरगांव (कोमाखान)।** शासकीय प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोमाखान में सेहत जांच का आयोजन किया गया। इसमें सभी 51 उपस्थित बच्चे स्वस्थ व निरोगी पाए गए। जांच के साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। हाथ धोने के 6 चरणों के बारे में बताया गया। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। बच्चों की सिकल जांच की गई। जिसमें 4 बच्चों का सिकलसेल पॉजिटिव पाया गया। उनको उपचार के बाद दवाई दी गई। स्वास्थ्य जांच में छात्रावास अधीक्षक दीवान, स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक वीरेंद्र देवांगन, गजेंद्र चंद्राकर, सेक्टर सुपरवाइजर नरेश साहू व एलएचवी सोनिका दास सिस्टर उपस्थित रहे। सीएमएचओ पी कुदेशिया, खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा डॉ बड़ाई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर, विकासखंड प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में यह स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम हुआ।

## डाइट में मद्य निषेध सप्ताह एवं स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में कलेक्टर एवं समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्य मीना पाणीग्राही एवं सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में भावी शिक्षकों का अमूल्य योगदान होना चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नशामुक्ति के पक्षधर रहे। उन्होंने स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज की परिकल्पना की थी। कार्यक्रम प्रभारी टेकराम सेन चमक ने कहा कि राष्ट्रपिता बापू बुनियादी शिक्षा के पक्षधर रहे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में स्वच्छता एं स्वदेशी को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता राजेश चंद्राकर, उमा देवी शर्मा, संतोष साहू, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा ने कहा कि नशा परिवार एवं समाज को पतन



की ओर ले जाता है। हमें समाज को प्रेरित करते हुए नशामुक्त बनाने में योगदान देना चाहिए। व्याख्याता टेकराम सेन के निर्देशन में छात्राध्यापकों ने समाज के लोगों से भी शपथ पत्र प्राप्त किया एवं प्राचार्य मीना पाणिग्राही द्वारा नशा नहीं करने का संकल्प एवं शपथ कराया गया। छात्राध्यापकों द्वारा चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण किया गया। जिसमें मोहित चंद्राकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आकर्षक चित्रकारी में प्रतीक साहू एवं किरण बरिहा ने द्वितीय एवं प्रयागराज, भावना दीवान, श्रीमा बीसी ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्याख्याता टेकराम सेन के निर्देशन में भाषण, गीत, लघु नाटिका व स्लोगन निर्माण का कार्यक्रम कराया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता में सहायका प्राध्यापक के. सिंग, अरुण प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू का विशेष योगदान रहा। छात्राध्यापकों की ओर से भूपेंद्र चौधरी, विनय नेताम, माधुरी मंडावी, मीना ठाकुर, तृप्ति धृतलहरे, रुपाली साहू, सेख शाबिद, निर्मल कुमार, नीलम, निकिता साहू सहित सभी का योगदान रहा।

## बिलखंड स्कूल प्रधानपाठक के जन्म दिवस पर न्योता भोज का आयोजन

**बसना।** बसना ब्लाक के वन आंचल क्षेत्र शासकीय प्राथमिक शाला बिलखंड के प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे के जन्म दिवस और गांधी एवं शास्त्री की



जयंती पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पूजा अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात प्रधान पाठक विजय कुमार धृतलहरे ने भी केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर शिक्षक डेहरीलाल पटेल, टिकेलाल सामल, अशोक यादव, विजय कश्यप, अगिन बरिहा, शंभु सिंह पारेश्वर, मालिकराम सिदार, एसएमसी अध्यक्ष अभ्यास भोई, उपाध्यक्ष ललित बरिहा, सदस्य पुनाईबाई चौहान, विजय कुमार भोई, शैलेंद्र चौहान, सावित्री निषाद, विमला भोई, हीराबाई सिदार, मीना बाई, कनकुमारी चौहान, रमला निषाद, चंद्राबाई बरिहा, गोमती चौहान, शकुंतला बरिहा, राधिका बरिहा, बेदबाई चौहान उपस्थित रहे।

## भंवरपुर में मनाई गई अग्रसेन जयंती

### कर्मा एवं मांदर की थाप में निकली महाराज अग्रसेन की रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम अग्रवाल भवन में आयोजित किया गया। दोपहर बाद कर्मा नृत्य के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो एवं नगर से गुजरी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में अग्रवाल समाज के अलावा अन्य समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा विविध खेलों का आयोजन भी किया गया तथा बेहतर प्रदर्शन करने वालों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। भंवरपुर नगर में अग्रसेन जयंती की धूम रही। गुरुवार को अग्रसेन जयंती के अवसर पर सुबह के समय महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई। दोपहर बाद शहर में एक शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा ने भंवरपुर के मुख्य मार्ग से होते हुए पूरे नगर भ्रमण किया। इस मौके पर भंवरपुर के समस्त अग्रवाल समाज उपस्थित रहे।

## मॉडल स्कूल में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य एसके पटेल के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बिहार बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि एसएमडीसी के अध्यक्ष एनएल भोई, विशिष्ट अतिथि संजय तिवारी, विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता आरके सोनी, डीके प्रधान, पीके भोई, सचिन देवांगन, एनसीसी अधिकारी एसके कर, डीके प्रधान, वीके महापात्र, कुमारी साहू, कामिनी तिवारी, साधना कैवर्त रहे। माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत की कड़ी में समस्त अतिथियों का स्वागत एनसीसी एनएसएस स्काउड रेडक्रॉस के बच्चों द्वारा पुष्पमाला से किया गया। संगीत के माध्यम से गांधी के मार्ग पर चलने के लिए सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। एनएल भोई द्वारा सत्य असत्य रूपी शब्दों से छात्रों को परिचित कराया तथा स्वयं के कार्य को स्वयं कर दूसरों को प्रेरित करने के लिए समझाइए दी गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी देवराज पाणिग्राही द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में एनएसएस की भूमिका को समझाया गया। विद्यालय प्रांगण एवं मुख्य मार्ग का एनएसएस एवं एनसीसी के छात्रों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर एनसीसी अधिकारी एसके कर एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डीआर पाणिग्राही के मार्गदर्शन में सफाई की गई। साधना कैवर्त, कामिनी तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि संजय तिवारी द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अंत में आरके सोनी ने कार्यक्रम में छात्रों की सहभागिता से उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होने की बात कहते हुए सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिन देवांगन ने किया।

# सत्याग्रह पदयात्रा कर शिक्षक मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर संविलियन के बाद फिर शिक्षकों के सबसे बड़े आंदोलन का आगाज हुआ है। हजारों शिक्षकों ने बापूजी के सत्याग्रह मार्ग का अनुसरण करते हुए राजधानी रायपुर में अपनी ताकत दिखाई। प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत के नेतृत्व में तूता रायपुर में धरना प्रदर्शन कर सत्याग्रह पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा।

गांधी के भेष में शिक्षक एलबी को सामने बैठाकर सरकार को यह संदेश दिया कि हम अपनी मांगों को लेकर संघर्ष के लिए तैयार है। टोपी में पुरानी पेंशन, पूर्ण पेंशन, वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, लंबित डीए लिखकर जोरदार नारेबाजी करते हुए मोदी की गारंटी शिक्षकों के लिए तत्काल लागू करने की मांग की। मोदी की गारंटी में शिक्षक एलबी संवर्ग के वेतन विसंगति को दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान देने व मंहगाई भत्ता देय तिथि से देने का उल्लेख है, उसकी धरना प्रदर्शन में खूब चर्चा रही। मोदी की गारंटी लागू कराने नारेबाजी की गई।

धरना प्रदर्शन व सत्याग्रह पदयात्रा में महासमुंद जिला से सुधीर प्रधान, नारायण चौधरी, शोभा सिंह देव, दिनेश नायक, ईश्वर चंद्राकर, सिराज बक्स, दुर्वशा गोस्वामी, सादराम अजय, लालजी साहू, नंद कुमार साहू, विजय प्रधान, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, खिलावन वर्मा, प्रदीप वर्मा, सालिक राम साहू, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, घनश्याम चक्रधारी, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल, मोहन साहू, आशीष साहू, आशीष देवांगन, गौरी शंकर पटेल, अनूप नायक, कौशल साहू, सम्मेसिंह ठाकुर, मुकेश डड़सेना, अनिल सिंह सरदार, कैलाश पटेल, पवन यादव, नरेश बारिक, लुभान दीवान, राजेंद्र पांडे, प्रमोद चंद्राकर,



हरेंद्र मांडले, रोहित ठाकुर, खोमन चंद्राकर, गोविंद देवांगन, लक्ष्मी नाथ सकरिया, लक्ष्मीकांत मंगेशकर, मंजू वर्मा, गीता दसरवर, लता राजन, रिचा पांडे, मेमन चंद्राकर, तारामती साहू, विनय पात्र, करमु लाल चौहान, कौशल्या चौहान, विजया दास, घनश्याम साहू, करम सिंह जगत, अवध साहू, डमरू धर बाघ, किशोर कुमार, अशोक साहू, शशिभूषण रावल खेमराज पटेल, धनीराम सिदार, लाभोराम ठाकुर , शत्रुघन निषाद, रत्थूलाल साहू, हरिशकर पटेल, प्रेमनारायण श्रीवास, अर्जुन बरिहा, परसुराम बरिहा, रामनारायण बरिहा, लक्ष्मण कुमार कोसले, वीरेंद्र कुमार साहू, हेमसागर बगर्ती, नारायण गभेल, राजेश साहू, तुलसी बरिहा, रविशंकर बनछोर, मनोज पटेल, नरेश कुमार बरिहा, उमाशंकर नायक, कृष्ण कुमार ठाकुर, कुंतल बाघमार, महेश पटेल, गंगाराम चौहान, अरक्षित बरिहा, अक्षय कुमार साहू सहित हजारों एलबी संवर्ग के शिक्षक शामिल हुए। जिन मांगों को लेकर सत्याग्रह पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपा। उसमें मोदी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जाए। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाए।

ज्ञात हो शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है। जिसके तहत 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे, 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकासखंड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर 2024 को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंद कुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

## खबर संक्षेप



### लाफिनखुर्द में गांधी व शास्त्री की जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी

**महासमुंद।** लाफिनखुर्द के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई। इस दौरान रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम भजन गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। ग्राम के गांधी चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर सर्वप्रथम माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा गीत, कविता और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत सरपंच डॉ देव कुमार टंडन, नामदेव साहू, छबि राम साहू, घासू राम साहू, सखऊ राम साहू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मंजूषा साहू, आचार्य वीरेंद्र ध्रुव, लोकेश सेन, रूपेश साहू, पिंकी, हीना यादव, शीतल ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 8 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद के ग्राम घोड़ारी के मृतक नाथूराम बंजारे, ग्राम दर्रीपाली के मृतक पोखराज ध्रुव, ग्राम चौकबेड़ा की मृतका पार्वती यादव, ग्राम रायतुम के मृतक अभय पटेल तथा बसना विकासखंड के ग्राम पलसापाली के मृतक चंदन सिंग एवं ग्राम झालापाली के मृतक समारू राम भास्कर के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड के ग्राम तुमाडबरी की मृतका तुलसी रानी एवं बागबाहरा विकासखंड के ग्राम शिकारीपाली की मृतका परमिला बाई के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता 8 को

**नर्रा।** संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में शारदीय क्वांर नवरात्रि पंचमी तिथि के अवसर पर 8 अक्टूबर मंगलवार रात्रि को डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। क्लब के अध्यक्ष पुष्प कुमार साहू, उपाध्यक्ष मोरध्वज पटेल, संरक्षक देवव्रत साहू, कोषाध्यक्ष गुमेश साहू एवं सचिव नंदकुमार पटेल ने बताया कि सामूहिक ग्रुप डांस युगल डांस एवं एकलडांस के प्रतिभागी को राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविंद्रराज सिंह ठाकुर एवं भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू होंगे। विशेष अतिथि पमेला ईश्वर ठाकुर होंगी। इस प्रतियोगिता के जज देवानंद बेदव्यास रविंद्रराज सिंह एवं दुबे लाल साहू, मंच संचालक राजू तांडी होंगे। पहला इनाम ग्रुप डांस आठ हजार एक रुपए, दूसरा इनाम पांच हजार एक रुपए, तीसरा तीन हजार एक रुपए एवं चौथा इनाम पच्चीस सौ रुपए, पांचवा इनाम दो हजार एक रुपए रखा गया है। इसी प्रकार युगल डांस में पहला इनाम तीन हजार एक रुपए, दूसरा दो हजार, तीसरा एक हजार रूपए, एकल डांस में पहला इनाम पच्चीस सौ एक रुपए, दूसरा पंद्रह सौ एक रुपए एवं तीसरा एक हजार एक रुपए रखा गया है।

## प्रोत्साहन: स्वच्छता कर्मियों का सम्मान और गणेशोत्सव समितियां हुई पुरस्कृत

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने की जरूरत: नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका द्वारा पालिका के स्वच्छता कर्मियों का टाउन हॉल में सम्मान और चयनित गणेशोत्सव समितियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने शहर के सराफा बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री चौक स्थित लाल बहादुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री का बड़ा योगदान है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज देश के हर व्यक्ति को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। इस दौरान उनके साथ सभापति पवन पटेल,अमन चंद्राकर,पार्षद हफीज कुरैशी, राहुल चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय, इंजीनियर शंकर दयाल शर्मा, जल प्रभारी सीताराम चेलक, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, नौशाद बक्श समेत अन्य मौजूद रहे।




### टाउन हॉल में स्वच्छता कर्मियों का नपाध्यक्ष ने किया सम्मान

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत समापन अवसर पर नगर पालिका द्वारा नपा के स्वच्छता कर्मियों सम्मान किया गया। नपा अध्यक्ष राशि महिलांग समेत अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पालिका में कार्यरत स्वच्छता विभाग के सफाई कर्मियों, मिशन क्लीन सिटी के तहत कार्यरत स्वच्छता कमांडो, सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों को शॉल फल के साथ प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। महिलांग ने कहा यह सम्मान शहर में आपके स्वच्छता के प्रति सेवा और शहर का नाम देशभर में स्वच्छता के क्षेत्र में रौशन करने के लिए दिया जा रहा है। सम्मान समारोह में प्रमुख सभापति पवन पटेल, सीएमओ विजय पांडेय, इंजीनियर शंकर दयाल शर्मा, ममता बग्गा, दुर्गेश कुंजेकार, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, नीतू प्रधान, रमा महानंद, टिकेश्वरी अन्य मौजूद रहे।

### गणेशोत्सव समिति को मिला पुरस्कार

शहर के स्टेशन रोड काली मंदिर स्थित गज शक्ति गणेशोत्सव समिति को प्रथम, अंबेडकर चौक जय भवानी दुर्गा पूजा गणेशोत्सव समिति को द्वितीय और गंजपारा उज्ज्वल गणेशोत्सव समिति को तृतीय स्थान मिला। वहीं स्वच्छता के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने पर वार्ड 13 गुरुनानक गणेशोत्सव समिति को भी पुरुस्कृत किया गया। ज्ञात हो नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग द्वारा पर्व के पूर्व आयोजित पीआईसी की बैठक में इस वर्ष शहर के गणेशोत्सव समितियों को पुरस्कार देने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर में विभिन्न समितियों द्वारा विराजित प्रतिमाओं और पंडालों का पालिका द्वारा गठित समिति ने निरीक्षण और अवलोकन किया था। निरीक्षण पश्चात समिति द्वारा उक्त तीन गणेशोत्सव समितियों का चयन किया गया था। जिन्हें बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर पालिका द्वारा टाउन हॉल में आयोजित 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान' के तहत आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया गया।

## स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायतें और समूह सांसद के हाथों हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत बड़ेढाबा में स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम का आयोजन लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने स्वच्छता अभियान में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत, सुंदर भारत के लिए स्वच्छता को नियमित दिनचर्या और अपने आदत में लाना जरुरी है। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरुकता फैलाने में सहायक होते हैं और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की दिशा में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को नियमित स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इसके पश्चात, स्वच्छता कार्य में योगदान देने वाले स्वच्छाग्राही समूह और सदस्यों को सम्मानित करते हुए डिग्निटी कार्ड का वितरण किया गया, जो उनकी सेवा और योगदान का प्रतीक है। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों और स्व सहायता समूहों को भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके निरंतर प्रयासों



और स्वच्छता के प्रति उनकी निष्ठा के लिए प्रदान किया गया, जिससे अन्य पंचायतों और समूहों को भी प्रेरणा मिलेगी। इसी के साथ हाल ही में स्वीकृति प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को उनके स्वीकृत आवासों के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान, भूमि पूजन और जिनके आवास पूर्ण हो चुके थे, उनका गृह प्रवेश भी संपन्न कराया गया। हितग्राही परिवारों ने इस मौके पर खुशी जताई और सरकार का धन्यवाद किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना के तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्च माध्य विद्यालय बसना में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शीत गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय संघ बसना डॉ. विवेकानंद दास विकासखंड सचिव, गिरीश पाढी (एएलटी), अनिल साव कोषाध्यक्ष, डिजेंद्र कुर्रे, प्रेमचंद साव, कुसुम कोटक एवं उर्वशी नेताम गाइडर तथा समीक्षा चतुर्वेदी, रोशनी साहू, वृंदावती पटेल, पल्लवी भोई, हेमांगिनी साहू, संगीता साहू, दिया प्रधान, निहारिका प्रधान, जागेश्वरी दास, सुमन यादव, चांदनी देवांगन, खिलेंद्री साव, रानू बारिक, सुमन साव, माही प्रधान, कहकशा अंजुम, नेहा पटेल आदि गाइड्स एवं स्वाधीन शौर्य दास स्काउट उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया सेनानी परिवार का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी के योगदान का पुण्य स्मरण कर किया नमन

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अद्वैत गिरी गोस्वामी की जयंती और पुण्यतिथि के दिन उनके निवास स्थान पर जाकर सेनानी परिवार का सम्मान किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी का जन्म अविभाजित मध्यप्रदेश में 1 अक्टूबर 1901 को हुआ और उनकी पुण्यतिथि भी संयोगवश 1 अक्टूबर को ही सन 1972 रही। गिरी निवास पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी के योगदान का पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि गिरी का जीवन संघर्षों के साए में देश की आजादी और सामाजिक समानता के लिए कार्य करते हुए बिता है।



विधायक ने सेनानी गिरी के जीवन काल की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही। साथ ही वर्तमान महासमुंद जिले के तमोरा गांव में 1930 में हुए जंगल सत्याग्रह में वो अग्रणी नेतृत्वकर्ता की भूमिका में शामिल रहे। उस वक्त मध्यप्रदेश में रहे ओडिशा के खरियार रोड, नुआपाड़ा जिले में गांडा जाति को सामाजिक समानता का अधिकार दिलाने के साथ उन्हें सवर्ण करने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। सहकारिता के क्षेत्र में सेनानी अद्वैत गिरी अपने पूरे जीवनकाल में कार्य करते रहे। सेनानी परिवार के साथ हुए मुलाकात में विधायक योगेश्वर सिन्हा ने स्मरण करते हुए बताया सेनानी गिरी के छोटे भाई अरिमर्दन गिरी भी तमोरा सत्याग्रह में शामिल होने के साथ अविभाजित मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता पश्चात मनोनीत विधायक भी थे। गिरी परिवार ने उपस्थित जनों को जानकारी देते हुए बताया कि उनके पौत्र सुभाष गिरी गोस्वामी ने भी सामाजिक सेवा के साथ मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा किया है। इस मौके पर विधायक सेनानी अद्वैत गिरी गोस्वामी की स्मृति में भवन निर्माण कराने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सदस्यता प्रभारी संदीप दीवान, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, नारायण नामदेव, मनीष सरवैय्या, सुभाष गिरी, आनंद गिरी, राजू चंद्राकर, सच्चिदानंद चंद्राकर, चित्रसेन गिरी, कुबेर प्रकाश गिरी, मनोज गिरी, रोहित गिरी, संजय गिरी, अनिकेत गिरी, आरव गिरी, गोपाल वर्मा, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, अमित साहू, गोविंद ठाकुर, घनाराम साहू, रमेश पटवा आदि मौजूद रहे।

## नगरीय प्रशासन मंत्री के 1 तारीख को वेतन देने का निर्देश बेअसर

**महासमुंद।** डिप्टी सीएम एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक 25 एवं 26 सितंबर को रायपुर में ली गई। जिसमें सभी नगर निगम आयुक्त एवं नगर पालिका नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए थे कि वह अपने कार्यालयों के कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान 1 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से कर दें तथा समय पर वेतन भुगतान की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मंत्री द्वारा अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी जिले में किसी नगरीय निकायों में 1 अक्टूबर को वेतन भुगतान नहीं किया जा सका है, जिससे नगरीय निकाय के कर्मचारियों में रोष है। यह भी स्पष्ट हो गया है कि निकायों के अधिकारी विभागीय मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का कितना पालन करते हैं।



ज्ञात हो कि समय पर वेतन की मांग को लेकर नवनियुक्त कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल के बाद संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था। विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था। इसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की योजना बनानी शुरू कर दी है, जिसकी शुरुवात आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव बहिष्कार से होगा। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम तथा मोहम्मद शेर खान ने बताया है कि विभागीय मंत्री के समीक्षा बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया था कि नगरी निकाय के कर्मचारियों का वेतन 1 अक्टूबर को अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश था। किंतु, खेद का विषय है कि निर्देश देने के बाद भी नगरी निकाय के कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। बहुत सारे नगरीय निकायों में अभी भी 1 से 2 माह वेतन भुगतान के लिए लंबित है।

### बाइक से गिरकर एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम उड़ेला बालक छात्रावास के पास बाइक से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ग्राम बड़ेसाजापाली निवासी देवसिंह सिदार ने पुलिस को बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को शाम 5 बजे देवसिंह के भाई अंतुसिंह सिदार मोटरसायकल क्र. सीजी 06 के 9756 से अपनी पुत्री आरती सिदार जो जयश्री कपड़ा दुकान भंवरपुर में काम करती है को लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम उड़ेला बालक छात्रावास के पास शाम करीबन 07:30 बजे अपने मोटर सायकल को स्वयं तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाने से अनियंत्रित होकर बाइक सहित जमीन पर गिर गए, जिससे अंतु सिंह के सिर में गंभीर चोट लगी, उसे इलाज हेतु सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अवैध शराब जब्त, तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अवैध महुआ बिक्री पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से तीन लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम आमापाली में आरोपी सदानंद कैवर्त पिता मोतीलाल कैवर्त (44 साल) निवीस आमापाली के कब्जे से 6 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया है। वही अमित दयाल पिता स्व दिलीप दयाल (25 साल) वार्ड नं 02 बसना की घर बाड़ी से झाडियों के अंदर छुपाकर रखे 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया है और आरोपी रवि आहुजा पिता कृपाल आहुआ 33 साल साकिन वार्ड नं 08 बसना के पास रखे 23 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 2070 रुपए को जब्त किया है।

### नशे की हालत में थाने में उत्पात, थाना प्रभारी की गाड़ी का कांच तोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** नशे की हालत में थाने में उत्पात मचाने, थाना प्रभारी की गाड़ी का शीशा तोड़ने और गुजरने वाले वाहनों पर पत्थरबाजी करने वाले आरोपी के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर थाना आया और थाना प्रभारी के निजी वाहन क्रमांक सी.जी. 04 एमक्यू 2508 के पीछे के शीशे को तोड़ दिया। वहीं थाने का मेन गेट को लात मारकर गाली गलौच करते हुए धारदार हथियार को लहरा रहा था। साथी ही आरोपी बीच रोड में खड़ा होकर आने जाने वाले वाहनों पर ईंट-पत्थर फेंककर मार रहा था। पुलिस ने उस व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा, जो अज्ञात नशा सेवन करना प्रतीत हो रहा था। जब पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम श्रीकांत हरपाल पिता हीरालाल हरपाल (25 साल) निवासी रावणभाठा का होना बताया। आरोपी को जब हिरासत में लेकर लॉकअप में बंद किया तो वह थाने में उपस्थित कर्मचारियों से गाली गलौच करने लगा और दरवाजा को लात घूंसा से मारने लगा और दीवार में सिर को ठोकर मारकर नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लॉकअप में लगे सीसीटीवी कैमरा एवं नल को तोड़ फोड़ कर दिया। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति का डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए शासकीय संपत्ति सीसीटीवी कैमरा एवं नल को तोड़फोड़ एवं थाना प्रभारी के निजी वाहन के पीछे के शीशे को तोड़ने, रोड़ में खडे. होकर आने जाने वाले वाहनों पर पत्थरबाजी करने के आरोप में बागबाहरा थाने में धारा 221,296, 324(2), 324(3) बीएनएस तथा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## गांधी व शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ द्वारा गांधी एवं शास्त्री के जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केजुवां में किया गया। उद्बोधन की कड़ी में अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, सदस्य विद्याभूषण सतपथी, पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल पटेल द्वारा उद्बोधन दिया गया। गांधी एवं शास्त्री के जीवन एवं उनके अनुकरणीय/ सराहनीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया।

बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने कहा कि हम सबको स्वप्रेरित होकर समाज हित में निष्ठापूर्वक, स्वयंसेवी भाव से कार्य कर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए जिससे अन्य भी प्रेरणा ले सकें। अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने अपने उद्बोधन में गांधी के जीवनशैली के बारे में कई उदाहरण दिया और इससे सीख लेने प्रेरित किया तथा शास्त्रीजी के जीवन संघर्ष को बतलाते हुए उनके सादा जीवन उच्च विचार की प्रशंसा की। सदस्य विद्याभूषण सतपथी ने अहिंसा के पुजारी गांधी के जीवन दर्शन बतलाते हुए गांधीजी के द्वारा किए गए सेवा कार्यों का उदाहरण देकर सबको गांधीजी के विचारों, कार्यों से अवगत कराया। पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल पटेल ने कहा कि हमें राष्ट्र सेवा, राष्ट्र उन्नति, राष्ट्रीय एकता के लिए योगदान देने सदैव तत्पर/सजग रहना जरूरी है। सभी अतिथियों ने वर्दीधारी स्काउट- गाइड रोवर- रेंजर, स्काउटर- गाइडर को एक मंच पर पाकर खुशी जताते हुए इस सुव्यवस्थित कार्यक्रम की सराहना की। सर्वधर्म प्रार्थना का कुशल संचालन सीएल पुहुप, अजय आर्य, विलास बाघ, किशोर पटेल की संयुक्त टीम द्वारा हारमोनियम, ढोलक, तबला, मंजिरा आदि वाद्ययंत्रों के साथ सुमधुर ध्वनि के साथ किया गया। सभी ने मिलकर सर्वधर्म प्रार्थना किया। अंत में सभी ने मिलकर स्वच्छ भारत मिशन के दसवें वर्षगांठ पर समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देने स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

आवश्यकता है
देव सायकल स्ट्रोर्स
नगर पंचायत तुमगांव
मो.9977294183
सायकल मेकेनिक की आवश्यकता है
जिला महासमुंद छ.ग.
उपतहसील+थाना+
तुमगांव वार्ड क्रं.1

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जयपुर में आत्माराम मारकंडे हुए सम्मानित

**महासमुंद।** जयपुर में युवा शक्ति टीम संस्थान के ब्रांड एंबेसेडर आयुक्त (सीनियर आरएएस) शिक्षा विभाग राजस्थान ओम प्रभा के हाथों आत्माराम मारकंडे सम्मानित हुए। यह सम्मान उनको महासमुंद जिले के ग्राम पंचायत स्तर में श्रमिकों का निःशुल्क श्रमिक कार्ड बनाने और सरकार की योजना का लाभ दिलाने के लिए दिया गया।

### कुसमी में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा आज से

**नर्रा।** जय तरियावाली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कुसमी (साल्हेभांठा) में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा 4 व 5 शुक्रवार और शनिवार को किया गया है। पहली विजेता खिलाड़ी को ग्यारह हजार एक रुपए, दूसरा को सात हजार एक रुपए, तीसरा को पांच हजार एक रुपए और चौथा को तीन हजार एक रुपए प्रदान किया जाएगा।

### ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 31 तक

**महासमुंद।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शिक्षा सत्र जुलाई से जून 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। अध्ययन केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय (मिनी स्टेडियम) महासमुंद के समन्वय सहायक ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है, जो 31 अक्टूबर तक है। इसमें प्रवेश के इच्छुक व्यक्ति प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं।



### छात्रों ने स्वच्छ भारत के लिए ली शपथ

**महासमुंद।** गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करने के लिए शिशु संस्कार केंद्र के प्रायमरी, मिडिल व हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली। साथ ही स्वच्छ भारत का मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शित किया। शाला प्राचार्य अवनीश पौलिनस वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी ने समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ को भारत को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई। अन्त में गांधी के चित्र में माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया।

## आयोजन : सपोस में विकासखंड स्तरीय आवास मेला का आयोजन

# 69 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के तहत एकमुश्त स्वीकृति प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रीन ग्राम-सपोस में गांधी जयंती पर विकासखंड स्तरीय स्वच्छता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। आवास मेला भी लगा जिसमें प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को पारंपरिक ढंग से गृह प्रवेश कराया गया। वहीं मौजूदा वर्ष में स्वीकृत आवास वाले हितग्राहियों को आवास स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल एवं अध्यक्षता ग्राम सरपंच बबिता बघेल ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वप्निल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र बोरे, जनपद सदस्य पुरषोत्तम धृतलहरे, विजय राज पटेल उपस्थित थे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व में स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वछता गतिविधियों को जनभागीदारी से जोड़कर गांव-गांव की तस्वीर बदलने



का भगीरथ प्रयास कर रहे।

प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रमों के सफलतम दस वर्ष हो चुके हैं। स्वच्छता अब लोगों की आदत में शुमार हो गई हैं घर-घर में शौचालय बनाने का असंभव सा लगने वाला लक्ष्य मोदी ने दृढ़संकल्प के साथ पूरा कर दिया। आज लोग शौचालयों का नियमित उपयोग कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र स्वच्छता आंदोलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा हैं। स्वच्छता का सीधा संबंध आदमी के स्वास्थ्य से है, पिछले दस सालों में स्वच्छता के नए आयाम स्थापित हुए है तथा स्वच्छता के गतिविधियों के कारण फैलने वाली बीमारियां नियंत्रित हुईं है और लोगों को आर्थिक बचत भी हुई है स्वच्छता कार्यक्रम का असर अब गांव - गांव में दिखने लगा है। इससे पहले जनपद सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा में जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विविध आयोजन संपन्न किए गए। ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया एक पेड़ मां के नाम की थीम पर सभी पंचायतों में पौधरोपण किया गया। स्वच्छताग्राहियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए, स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आवास मेला भी आयोजित किया गया है। नवपदस्थ एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि यद्यपि उनकी पदस्थापना नयी है। तथापि ग्रीन ग्राम सपोस की ख्याति सुनी उम्मीद करता हूं कि यहां के लोग स्वच्छता अभियान में जागरुकता की मिशाल पेश करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल ने समस्त उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई।

### पांच हितग्राहियों को सौंपी गई घर की चाबी

स्वच्छता दिवस के साथ आयोजित आवास मेला में जानकारी दी गई कि ग्राम सपोस के 69 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के तहत एकमुश्त स्वीकृति प्रदान कर दी गईं है। प्रथम किश्त की राशि भी हितग्राहियों के खाते में भेजी जा चुकी है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर चुके पांच हितग्राहियों को उनके घर की चाबी सौंपी गई एवं परंपरा अनुसार उनका गृह-प्रवेश कराया गया। स्वच्छ और सुंदर आवास निर्माण करने वाले दस हितग्राहियों को मंच से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत सपोस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों क्रमशः गौरीशंकर पैंकरा, राजकुमार दीवान, अशोक साहू, कृष्णा कुमार दीवान, तेजेंद्र साहू, मोहम्मद आबिद अली, सरपंच बबिता बघेल सचिव गीता साहू तथा ग्राम रोजगार सहायक को प्रशस्ति पत्र दिया गया। स्वच्छताग्रहियों को डिग्निटी कार्ड दिया गया महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई और अन्नप्रासन्न संस्कार का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ परीक्षण के तहत सैकड़ों लोगों के बीपी, शुगर, सिकलिंग, कुष्ठ रोग का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश दीक्षित ने एवं आभार प्रदर्शन सरपंच प्रतिनिधि किशोर बघेल ने किया। ग्राम पंचायत सपोस के 16 वृद्धजनों को शॉल व फल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर बोलेः पटवारी सीधे फील्ड में जनता से जुड़कर करें कामकाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ राजस्व सेवाओं में नवाचार के लिए पटवारियों का प्रशिक्षण

राजस्व सेवाओं को बेहतर ढंग से लागू करने व नवाचार के लिए जिले के पटवारियों का प्रशिक्षण नव किरण अकादमी में आयोजित की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रशिक्षण में पटवारियों को जनता से जुड़ाव के लिए उनसे सतत संबंध बनाने और फील्ड विजिट के दौरान उनसे चर्चा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी राजस्व विभाग की पहली सीढ़ी है। वे ग्रामीण इलाकों में लगातार किसानों और नागरिकों से मिलते रहे तथा उनके समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करने का प्रयास करें, जो समस्याएं तहसीलदार या अनुविभागीय स्तर की है उसके लिए भी पहल करें।

नवकिरण अकादमी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी तहसीलों से 20-20 पटवारी जो की स्मार्ट फोन का उपयोग अच्छे से जानते हो उन्हें स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। जिसमें क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि, ग्राम पटेल और वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ने कहा गया है। उन्होंने प्रशिक्षण में राजस्व सेवाओ में नवाचार के लिए अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नक्शा इंद्राज, त्रुटि सुधार, आय जाति निवास के संबध में पटवारियां को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सीमांकन का निराकरण आरआई के मार्गदर्शन में समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। त्रुटि सुधार संबंधी खातों का भी संकलन कर तीन माह के भीतर त्रुटि सुधार का निराकरण करें। ग्राम स्तर पर अतिक्रमण पंजी का निर्माण करते हुए शासकीय भूमि में हुए अतिक्रमण को अनिवार्य रूप से दर्ज करें और नए अतिक्रमण को रोके। उन्होंने कहा कि आगामी धान खरीदी में रकबा संशोधन के संबंध में शिकायत मिल सकती है जिसे तत्काल जांच कर कार्रवाई किया जाए। इसी तरह नक्शा बंटाकन का कार्य भी आगामी 06 माह में पूर्ण करें। नक्शा अपडेशन के लिए प्रत्येक पटवारी प्रति सप्ताह लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के संबंध में विशेष ग्राम सभा में भी प्रस्ताव पारित कराएं और स्कूली बच्चों के नाम जुड़वाएं। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, भू अधीक्षक प्रमोद एवं 6 तहसीलों के 120 पटवारी मौजूद रहे।

## उपकार भवन में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के आधार स्तम्भ एवं संस्थान के महासचिव रहे राजयोगी ब्रह्माकुमार निर्वैर भाई की श्रद्धांजलि कार्यक्रम स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में मनाईं गई।

समस्त ब्रम्हा कुमारी बहने एवं पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर भाई को श्रद्धांजलि अर्पित किए। 20 सितंबर को अहमदाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। वे 86 वर्ष के थे। ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन ने भाई के प्रति कहा कि गंभीर व्यक्तित्व के धनी एक सच्चे राजयोगी बालब्रम्हचारी तपस्वी हर्षितमुख मृदु भाषी जैसा उनका नाम निर्वैर सारा जीवन किसी से कोई वैर नहीं रखा। 1938 को पंजाब प्रांत के हिंदू परिवार में जन्मे उच्च शिक्षा ग्रहण कर जल सेना (नेवी) में अपनी सेवाएं देते रहे। तत्पश्चात इस संस्थान से जुड़कर जन जन को परमात्म आवरण का संदेश देने माउंट आबू में अपना पूरा जीवन इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में समर्पित कर दिया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में रायगढ़ की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा ब्लाक के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे खट्टी गांव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में रायगढ़ की टीम ने मारी बाजी। एमजी स्पोर्ट क्लब खट्टी दूसरा स्थान रही। प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी जय ठाकुर देव क्रीड़ा एवं संस्कृति समिति ग्राम खट्टी के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ओडिशा व छत्तीसगढ़ राज्य से आए 48 टीमों ने हिस्सा लिया। इस स्पर्धा का आनंद लेने क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इस प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत



सदस्य बसंता ठाकुर रही। विशेष अतिथि जनपद सदस्य माधव मांझी, दुबेलाल साहू भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष, संतोष पटेल कोमाखान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, नवीन पटेल, मीना तिरथ पटेल, भूखनलाल सिन्हा, चिंतामणी चंद्राकर, गोपाल किशन पटेल, मोतिन आनंद चक्रधारी, लता कुम्हार, भोज चक्रधारी, रामेश्वर सिन्हा रहे। प्रथम स्थान रायगढ़ टीम, द्वितीय एमजी स्पोर्ट क्लब खट्टी, तृतीय हाथीसरा एवं चतुर्थ मारुति स्पोर्ट क्लब खट्टी को नगद राशि व शील्ड देकर पुरस्कृत कर प्रदान किया गया।

इस दौरान आयोजक समिति के अध्यक्ष बलदेव पटेल, उपाध्यक्ष नागेश्वर पटेल, सचिव दिनेश कुमार, सह सचिव भोजराज ठाकुर, कोषाध्यक्ष कैलाश सिंह, संयोजक मिथिलेश ठाकुर समेंत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल की छात्रा चंचल राज्य स्तरीय सेमीनार के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के कक्षा 9वीं की छात्रा चंचल साहू पिता धनेश कुमार साहू का चयन राज्य स्तरीय सेमीनार के लिए किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताः संभावना और सरोकार विषय पर चंचल साहू राज्य स्तरीय सेमीनार बिलासपुर के उन्नत शिक्षण अध्ययन संस्थान, तार बहार बिलासपुर में अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके पूर्व चंचल साहू जिला एवं संभाग स्तर पर सेमीनार में चयनित होकर राज्य स्तरीय सेमीनार के लिए किया गया है। छात्रा चंचल के मार्गदर्शक शिक्षक मितेश शर्मा और प्रखर साहू हैं। जिनके मार्गदर्शन चंचल साहू अपनी प्रस्तुति देंगीं। राज्य स्तरीय सेमीनार में



चयनित होने पर संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे सहित संस्था के जीआर टांडेकर, विकास यादव, आकांक्षा भोई आदि ने हर्ष जताया है।

## बेलसोंडा में वृद्धजनों के सम्मान में हुई विशेष ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में वृद्धजनों के सम्मान में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर, सचिव नेहा उपाध्याय, खोरबहरा धीवर, बलिराम साहू, तुलसीराम सेन, भगवानी साहू,मिलू निर्मलकर, पंचुराम धीवर, दाऊलाल साहू, भागीराम मन्नाडे, बलराम धीवर, संतुराम धीवर, देवशरण बघेल, शत्रुघन धीवर, बिरझु धीवर, दीनाराम धीवर, दिलीप धीवर, बुधराम धीवर, राजेन्द्र साहू, पंच



परमेंश्वर त्रिवेणी चंद्राकर, पंच प्रकाश साहू, सावित्री चंद्राकर, मीनू चंद्राकर, ईशा धीवर, हेमा साहू, विद्या जमूलकर, शिवकुमारी लहरे, उर्मिला धीवर, येमन धीवर, शिव यादव, सनत धीवर, दिनेश साहू, तुकेश साहू, राजकुमार बघेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचनी यादव, छल्ला साहू, दमयंती चंद्राकर, मितानिन कुंती धीवर, निर्मला सेन, कुंती चंद्राकर, ललिता निषाद, स्वच्छता समिति के सरिता देवांगन, लक्ष्मी चंद्राकर, कीर्ति साहू, अनुसुइया धीवर, कृष्णा साहू, रूखमणी साहू, मंजू साहू, देवशिर धीवर, रामबाई देवांगन, राजबति चंद्राकर, शिक्षा विभाग से नेहा चंद्राकर, कटोरिया, कृषि विभाग से बाबूलाल अहिरवार एवं महिला बाल विकास से अधिकारी, रंभा धीवर, कमला सेन, अमोलिया साहू, शांति चंद्राकर, मथुरा चंद्राकर, अहिल्या चंद्राकर, फेकन लहरे,चंपा धीवर, धनेश्वरी धीवर, बिसाहिन धीवर आदि मौजूद रहे।

# विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सदस्यता अभियान को लेकर ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बुधवार को ग्रामीण मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। पहले महासमुंद ग्रामीण मंडल के सदस्यों की बैठक निवास में ली। उसके पश्चात तुमगांव-सिरपुर मंडल अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के संबंध में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उन्हें निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा



से ज्यादा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करें।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी और नामदेव साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। पश्चात वे तुमगांव-सिरपुर मंडल अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप दीवान, मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, विकास चंद्राकर, ललित निषाद, डिगेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाफिनकला में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम लाफिनकला में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई गई। ग्राम के बुजुर्गों द्वारा गांधी व शास्त्री को स्मरण करते हुए उनके छायाचित्र में माल्यार्पण किया गया। वही बच्चों के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कुर्सी दौड़ बालक में प्रथम भेवेंद्र साहू, द्वितीय अरविंद निषाद, तृतीय नरेंद्र साहू, बालिका कुर्सी दौड़ में प्रीति साहू प्रथम, तारणी निषाद द्वितीय, दीपांजलि साहू तृतीय, चित्रकला में अंश कुमार साहू प्रथम, दीपांजलि साहू द्वितीय, राज साहू तृतीय, देशभक्ति व स्वच्छता पर भाषण में प्रीति साहू प्रथम, दीपांजलि साहू द्वितीय, दीपाली साहू तृतीय, देशभक्ति गीत गायन में भूपेन्द्र साहू प्रथम, लिसा साहू द्वितीय, रश्मि साहू तृतीय, फुगड़ी में मुस्कान साहू प्रथम, अंशु साहू द्वितीय, पूजा साहू तृतीय व दीपाली साहू ने दीप जलाओ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने



वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान यशोमती पिता ईश्वर साहू, दसवीं में हिमांशी पिता नेतन पटेल, आठवीं में चंद्रहास पिता अनिल साहू व पांचवी में अंशकुमार पिता तोषकुमार साहू को ग्राम स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्राम का गौरव बढ़ाने के लिए प्रशस्ति पत्र व चांदी के सिक्के प्रदान कर सम्मानित किए गए। इस अवसर पर शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, पंच कमलेश कुमार साहू को सामाजिक समरसता व संस्कृति संरक्षण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच हेमीन नेतन पटेल, कमलेश साहू, गोवर्धन साहू, नेहा साहू, जयंती साहू, केतन साहू, जगदीश साहू, सोनसाय साहू, हरिराम साहू, रामजी साहू,जनक राम साहू, जीवराखन साहू, हेमूराम साहू, रामकुमार साहू, राधेश्याम साहू, धर्मेन्द्र साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एगेश साहू, डाकेश साहू, गोविंद साहू, तिलक पटेल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे व ग्रामीण उपस्थित रहे।




आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969

हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर